Postal Reg. No.GDP -45/2017-2019

अल्लाह तआला का आदेश

وَاَنْفِقُوْا فِيْ سَبِيْلِ اللّٰهِ وَلَا تُلْقُوْا بِاَيْدِيْكُمْ اِلَى التَّهْلُكَةِ ۛ وَاَحْسِنُوْا اِنَّ اللّٰهَ يُحِبُّ الْمُحْسِنِيْنَ ○

(सूरतुल बक़रा आयत :196)

अनुवाद: और अल्लाह के मार्ग में खर्च करो और अपने हाथों से अपने आप को हलाक मत करो। और उपकार करो अल्लाह उपकार करने वालों को पसन्द करता है।

بِسْمِ اللّٰهِ الرَّحْمٰنِ الرَّحِيْمِ نَحْمَدُهٗ وَنُصَلِّيْ عَلٰى رَسُوْلِهِ الْكَرِيْمِ وَعَلٰى عَبْدِهِ الْمَسِيْحِ الْمَوْعُوْدِ

وَلَقَدْ نَصَرَكُمُ اللّٰهُ بِبَدْرٍ وَّاَنْتُمْ اَذِلَّةٌ

वर्ष 3

साप्ताहिक क़ादियान

बदर

The Weekly BADAR Qadian HINDI

अंक 22

मूल्य 500 रुपए वार्षिक

संपादक शेख़ मुजाहिद अहमद

15 रमज़ान 1439 हिजरी कमरी 31 हिजरत 1397 हिजरी शमसी 31 मई 2018 ई.

अख़बार-ए-अहमदिया

रूहानी ख़लीफ़ा इमाम जमाअत अहमदिया हज़रत मिर्ज़ा मसरूर अहमद साहिब ख़लीफ़तुल मसीह ख़ामिस अय्यदहुल्लाह तआला बेनस्रेहिल;ल अज़ीज सकुशल हैं। अलहम्दोलिल्लाह। अल्लाह तआला हुज़ूर को सेहत तथा सलामती से रखे तथा प्रत्येक क्षण अपना फ़जल नाज़िल करे। आमीन

सय्यदना हज़रत ख़लीफतुल मसीह ख़ामिस अय्यदहुल्लाह तआला ने फरमाया कि कश्ती नूह में हमारी शिक्षा का जो भाग है वह ज़रूर हर अहमदी को पढ़ना चाहिए बल्कि पूरी कश्ती नूह ही पढ़ें।

स्मरण रहे कि केवल मुख से बैअत को स्वीकार करना अर्थहीन है जब तक हार्दिक तौर पर उसका पूर्ण अनुसरण न करे। अत: जो मनुष्य मेरी शिक्षा का पूरा-पूरा पालन करता है वह मेरे इस घर में प्रवेश कर जाता है जिसके विषय में ख़ुदा की वह्यी में यह वायदा है

اِنِّيْ اُحَافِظُ كُلَّ مَنْ فِي الدَّارِ

उपदेश सय्यदना हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम

दूसरा निशान प्लेग का, जैसा कि ख़ुदा ने फ़रमाया-

وَ اِنْ مِّنْ قَرْيَةٍ اِلَّا نَحْنُ مُهْلِكُوْهَا قَبْلَ يَوْمِ الْقِيٰمَةِ اَوْ مُعَذِّبُوْهَا عَذَابًا شَدِيْدًا ؕ (बनी इस्राईल 59)

अत: ख़ुदा ने देश में रेल भी जारी कर दी और प्लेग भी भेज दी ताकि धरती भी साक्षी हो और आकाश भी। अत: ख़ुदा से मत लड़ो कि परमेश्वर से लड़ना मूर्खता है । इस से पूर्व ख़ुदा ने जब आदम को ख़लीफ़ा बनाना चाहा तो फ़रिश्तों ने रोका, पर क्या ख़ुदा उनके कहने से रुक गया । अब ख़ुदा ने दूसरा आदम पैदा करने के समय कहा-

''अरदतो अनअस्तख़लिफ़ा फ़ख़लक़्तो आदम''

अर्थात मैंने इरादा किया कि ख़लीफ़ा बनाऊँ । अत: मैंने इस आदम को पैदा किया। अब बताओ कि क्या तुम ख़ुदा के इरादे में बाधा डाल सकते हो । तुम क्यों काल्पनिक बातों को प्रस्तुत करते हो और विश्वास-मार्ग का अनुसरण नहीं करते। परीक्षा में मत पड़ो। निसन्देह स्मरण रहे कि ख़ुदा की इच्छा में कोई बाधा नहीं डाल सकता। इस प्रकार के झगड़े संयम का मार्ग नहीं । हां यदि शंका है तो यह उपाय हो सकता है, जैसा कि मैंने ख़ुदा से इल्हाम(ईशवाणी) द्वारा संदेश पाकर मनुष्यों के एक समुदाय के लिए जो मेरे आदेशों का पालन करने वाले हैं प्लेग के प्रकोप से बचने के लिए जो शुभ संदेश पाया है और उसे प्रकाशित कर दिया है। ऐसा ही यदि आप लोगों के हृदय में अपनी क़ौम की भलाई है तो आप लोग भी अपने धर्मावलम्बियों के लिए भी अल्लाह से प्लेग से मुक्ति का शुभ-समाचार प्राप्त करें कि वे प्लेग से सुरक्षित रहेंगे, और इस समाचार को मेरी तरह विज्ञापन स्वरूप प्रकाशित कर दें ताकि लोग समझ सकें कि अल्लाह आपके साथ है। यह अवसर ईसाइयों के लिए भी अत्यन्त उपयुक्त है। वे हमेशा कहते हैं कि मुक्ति मसीह से है। अत: अब उनका भी कर्तव्य है कि इन संकट के दिनों में ईसाइयों को प्लेग से मुक्ति दिलाएँ। इन समस्त सम्प्रदायों में से जिसकी अधिक सुनी गई वहीं स्वीकार योग्य है। अब अल्लाह ने प्रत्येक को अवसर प्रदान किया है कि अकारण ही धरती पर विवाद न करें। अपनी स्वीकार्यता बढ़ चढ़ कर दिखाएँ ताकि प्लेग से भी बचें और उनकी सच्चाई भी खुल जाए, विशेषकर पादरी साहिबान जो इस लोक और परलोक में मरयम के बेटे मसीह को ही मुक्तिदाता मान चुके हैं। वे यदि हृदय से उसे इस लोक और परलोक का स्वामी समझते हैं तो अब ईसाइयों का अधिकार है कि इनके कफ़्फ़ारा से मुक्ति का नमूना देख लें। इस प्रकार आदरणीय सरकार को भी बहुत सुविधा हो सकती है कि ब्रिटिश इण्डिया के भिन्न-भिन्न समुदाय जो अपने-अपने धर्म की सत्यता पर भरोसा करते हैं, अपने समुदाय को छुड़ाने और प्लेग से मुक्ति दिलाने के लिए यह प्रबन्ध करें कि अपने उस ख़ुदा से जिस पर वे आस्था रखते हैं या अपने किसी अन्य पूज्य से जिसे उन्होंने ख़ुदा का स्थान दे रखा है, इन आपदाग्रस्त लोगों की सिफ़ारिश करें और उससे कोई ठोस वायदा लेकर विज्ञापनों के रूप में प्रकाशित करें जैसा कि हमने किया है । इसमें सर्वथा प्रजा की भलाई और अपने धर्म की सत्यता का प्रमाण एवं सरकार की सहायता है। सरकार इसके अतिरिक्त कुछ नहीं चाहती कि उसकी प्रजा प्लेग से सुरक्षित हो जाए चाहे किसी भी प्रकार हो। अन्तत: स्मरण रहे कि हम इस विज्ञापन में अपनी जमाअत को जो भारत और पंजाब के विभिन्न भागों में फैली हुई है टीका लगवाने से मना नहीं करते। जिन लोगों के बारे में सरकार का स्पष्ट आदेश हो उनको टीका अवश्य लगवाना चाहिए और सरकारी आदेश का पालन करना चाहिए। जिनको उनकी इच्छा पर छोड़ा गया है यदि वे मेरी शिक्षा जो उनको दी गई का पूर्ण रूपेण पालन नहीं कर रहे तो उनको भी टीका लगवाना उचित है ताकि वे ठोकर न खाएँ और अपनी ख़राब दशा के कारण ख़ुदा के वायदे के सम्बन्ध में लोगों को धोका न दें। यदि प्रश्न यह हो कि वह शिक्षा क्या है जिसका पूर्ण रूपेण अनुसरण प्लेग के प्रकोप से सुरक्षित रख सकता है, तो मैं संक्षेप में निम्न पंक्तियां लिख देता हूँ :-

शिक्षा

स्मरण रहे कि केवल मुख से बैअत को स्वीकार करना अर्थहीन है जब तक हार्दिक तौर पर उसका पूर्ण अनुसरण न करे। अत: जो मनुष्य मेरी शिक्षा का पूरा-पूरा पालन करता है वह मेरे इस घर में प्रवेश कर जाता है जिसके विषय में ख़ुदा की वही में यह वायदा है اِنِّيْ اُحَافِظُ كُلَّ مَنْ فِي الدَّارِ ی ''इन्नी उहाफ़िज़ो कुल्ला मन फ़िद्दार''अर्थात प्रत्येक जो तेरे घर की चारदीवारी के अन्दर है मैं उसे सुरक्षित रखूंगा। यहां यह नहीं समझना चाहिए कि मेरे घर के अन्दर वही लोग हैं जो मेरे इस ईंट गारे के घर में रहते हैं बल्कि वे भी जो मेरा पूर्ण अनुसरण करते हैं, मेरे आध्यात्मिक घर में दाख़िल हैं। अनुसरण करने हेतु यह बातें हैं:- कि वह विश्वास करे कि उनका एक सर्वशक्तिमान, जीवन प्रदान करने और समस्त संसार को पैदा करने वाला ख़ुदा है जो अपने गुणों में अनादि और अनन्त है और वह अपरिवर्तनीय

शेष पृष्ठ 9 पर

जमील अहमद नासिर प्रिंटर एवं पब्लिशर ने फ़ज़्ल-ए-उमर प्रिंटिंग प्रेस क़ादियान में छपवा कर दफ़्तर अख़बार बदर से प्रकाशित किया। प्रौपराइटर - निगरान बदर बोर्ड क़ादियान

जलसा सालाना ब्रिटेन 2017 ई के अवसर पर सय्यदना हज़रत अमीरूल मोमिनीन ख़लीफतुल मसीह अल्ख़ामिस अय्यदहुल्लाह तआला बेनस्त्ररेहिल अज़ीज़ की व्यस्तता (भाग-7)

☆ इस्लाम अंतिम और आदर्श धर्म है और सभी अन्य धर्म अंततः इस्लाम में प्रवेश करेंगे और यही एक धर्म होगा।

☆ आं हज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने भविष्यवाणी फरमाई थी कि अन्तिम ज़माना में एक सुधारक और मुस्लेह आएगा और उस के ज़माना में तलवार के जिहाद का ख़त्मा होगा। हज़रत अकदस मसीह मौऊद अलैहिस्सालम वही सुधारक हैं जो आं हज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम की भविष्यवाणी के अनुसार आए। आप अलैहिस्सालम ने घोषणा की कि अब तलवार का जिहाद नहीं है यह कलम के जिहाद का ज़माना है।

☆ स्पेन में इस्लाम सात सौ साल तक रहा। फिर ईसाइयत दोबार आ गई। अब हम दोबारा लोगों के दिलों को फिर से जीतेंगे और उन के दिलों में इस्लाम को प्रवेश करेंगे। इस्लाम किसी भी युद्ध के कारण नहीं फैलेगा, बल्कि इस्लाम अपनी मूल शिक्षा प्रेम के माध्यम से फैलेगा।

मुलाकात करने वाले मेहमानों को सय्यदना हुज़रत ख़लीफतुल मसीह अल्ख़ामिस अय्यदहुल्लाह तआला की तरफ से इस्लाम का वास्तविक सन्देश।

जिस बात ने मुझे जमाअत के बारे में अधिक प्रभावित किया वह जमाअत अहमदिया का अमन की स्थापना के लिए जोश और इस की स्थापना के लिए कोशिशें। इमाम जमाअत अहमदिया का अन्तिम सम्बोधन जितना अहमदियों के लिए ज़रूरी थी उतना ही बाकी दुनिया के लिए भी ज़रूरी था।

(पत्रकार Carlos Jamie साहिब)

ख़लीफतुल मसीह का सन्देश न केवल मुसलमानों बल्कि सारी दुनिया के लिए है। सारी दुनिया से आए हुए लोगों के देख कर मैं बहुत हैरान हुआ विभिन्न क़ौमों और रंग तथा नस्ल को लोग मिले, जिन का रहन सहन अलग था लेकिन मुहब्बत और ईमान अमन के हिसार और अल्लाह तआला के नाम पर जमा थे। अल्लाह तआला करे के सारी दुनिया पहचान ले कि यह जमाअत मुहब्बत तथा सलामती वाली जमाअत है।

जलसा में सम्मिलित होने वाले सम्मानित सदस्यों के ईमान वर्धक विचार

दुनिया के विभिन्न देशों से जलसा में शामिल होने वाले प्रतिनिधियों की हज़रत अमीरूल मोमिनीन ख़लीफतुल मसीह अल्ख़ामिस अय्यदहुल्लाह तआला बेनस्त्ररेहिल अज़ीज़ से मुलाकातें।

हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाह तआला बेनस्त्ररेहिल अज़ीज़ की इन दिनों में असामान्य व्यस्तता का संक्षिप्त उल्लेख

(रिपोर्टः अब्दुल माजिद ताहिर, एडिशनल वकीलुत्तबशीर लंदन)

(अनुवादकः शेख मुजाहिद अहमद शास्त्री)

नाइजीरिया के वफ्द की हुज़ूर अनवर से मुलाकात

*इस के बाद नाइजीरिया से आने वाले मेहमान मूसा इब्राहिम साहिब Chief of Borgu Empire ने हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाह तआला बेनस्त्ररेहिल अज़ीज़ के साथ मुलाकात का श्रेय प्राप्त किया। महोदय ने जलसा सालाना की व्यवस्था के संदर्भ में अपने विचार को व्यक्त करते हुए, अनुशासन और बलिदान की गुणवत्ता अपने चरम को छू रही है। यह केवल जमाअत अहमदिया है जो इस्लाम के सही और पूर्ण चेहरे को पेश कर रही है और "प्रेम सब के लिए नफरत किसी से नहीं" की वास्तविक अभिव्यक्ति को मैंने इस जलसा में देखा है। मुझे इस जलसा में आदर्श मेहमान नवाज़ी देखने को मिली। इस्लाम जिस एकता और तौहीद की शिक्षा देता है वह केवल जमाअत अहमदिया में देखने को मिलती है। अल्लाह तआला जमाअत अहमदिया के ख़लीफा और सभी मुस्लिम उम्मत को उनकी कृपा और दया की छाया में रखे। महोदय ने मुलाकात के अंत में हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाह तआला बेनस्त्ररेहिल अज़ीज़ के साथ तस्वीर बनाने का सौभाग्य प्राप्त किया। यह मुलाकात दो बजे तक जारी रही।

इस के बाद हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाह तआला बेनस्त्ररेहिल अज़ीज़ मस्जिद फज़ल पधारे और नमाज़ ज़ुहर तथा असर अदा कर के पढ़ाई। नमाज़ों की अदयागी के बाद हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाह तआला बेनस्त्ररेहिल अज़ीज़ अपने निवास पर पधारे।

व्यक्तिगत और पारिवारिक मुलाकात

कार्यक्रम के अनुसार आज शाम सवा पांच बजे विभिन्न देशों से आने वाले जमाअत के मित्रों और परिवार की हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाह तआला बेनस्त्ररेहिल अज़ीज़ से मुलाकात शुरू हुईं। आज, 43 परिवार के 215 सदस्यों, इस के अतिरिक्त 28 व्यक्तिगत लोगों ने हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाह तआला बेनस्त्ररेहिल अज़ीज़ मुलाकात थी। इस तरह, 243 लोगों को मुलाकात का सौभाग्य प्राप्त हुआ।

मुलाकात करने वाले यह परिवार निम्नलिखित 25 देशों से आए थे: पाकिस्तान, अमेरिका, जर्मनी, कनाडा, सऊदी अरब, ऑस्ट्रेलिया, सेनेगल, नॉर्वे, दुबई, डेनमार्क, अबू धाबी, यू.के, भारत, शारजाह, मॉरीशस, स्वीडन, बहरीन, जापान, स्विटज़रलैंड, कतर, घाना, ओमान, तंजानिया, गाम्बिया, युगांडा।

इनमें से प्रत्येक ने अपने प्यारे आक़ा के साथ तस्वीर बनाने का सौभाग्य प्राप्त किया। हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाह तआला बेनस्त्ररेहिल अज़ीज़ ने शिक्षा प्राप्त करने वाले छात्रों को कलम तुहफा में दिए और छोटी आयु के बच्चों को चाकलेट प्रदान कीं।

मुलाकातों का यह कार्यक्रम आधी रात तक जारी रहा। इस के बाद हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाह तआला बेनस्त्ररेहिल अज़ीज़ ने फरमाया मस्जिद फज़ल में तशरीफ ला कर नमाज़ मग़रिब और इशा जमा कर के पढ़ाई। नमाज़ों के अदा करने के बाद हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाह तआला बेनस्त्रेहिल अज़ीज़ अपने निवास पर पधारे।

3 अगस्त 2017 ई (दिन गुरुवार)

आज सुबह हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाह तआला बेनस्त्ररेहिल अज़ीज़ विभिन्न दफतरी मामलों में व्यस्त रहे। हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाह तआला बेनस्त्ररेहिल अज़ीज़ ने डाक देखी और विभिन्न मामलों पर हिदायतें दीं। दो बजे हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाह तआला बेनस्त्ररेहिल अज़ीज़ ने मस्जिद फज़ल में तशरीफ ला कर नमाज़ ज़ुहर तथा असर अदा की। नमाज़ों के अदा करने के बाद हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाह तआला बेनस्त्ररेहिल अज़ीज़ अपने निवास स्थान पर पधारे।

अमीरों और जमाअत के सदर, मुबल्लिग़ों, केन्द्रीय प्रतिनिधियों के साथ

शेष पृष्ठ 9 पर

ख़ुत्बः जुमअः

पिछले दिनों जमाअत के एक बुज़ुर्ग और आलिम आदरणीय उस्मान चीनी साहिब की वफात हो गई। इन्ना लिल्लाह वा इन्ना इलैहि राजेऊन। अल्लाह तआला ने उन्हें चीन के एक दूरस्थ क्षेत्र से अपनी विशेष तकदीर से निकाल कर पाकिस्तान आने और अहमदियत स्वीकार करने का अवसर दिया। किस किस तरह अल्लाह तआला उनके साथ व्यवहार करता था और उन्हें अहमदियत स्वीकार करने और उन्हें धार्मिक ज्ञान प्राप्त करने और फिर जीवन वक्फ (समर्पित) करने की तरफ मार्ग दर्शन किया।

उनके हालात और उनकी जीवनी और सेवाओं और सीरत के बारे में इतनी अधिक सामग्री है कि एक किताब लिखी जा सकती है मेरे विचार में ख़ुद्दामुल अहमदिया पाकिस्तान यह काम बेहतर रूप से कर सकती है। बहरहाल इस समय में इस दरवेश सिफत व्यक्ति, जमाअत के बुज़ुर्ग वक्फे ज़िन्दगी, मुबल्लिग़ सिलसिला, आलिम बा अमल और वलीउल्लाह व्यक्ति का कुछ वर्णन करूंगा जो वाकफ़ीन ज़िन्दगी और मुबल्लिग़ों के लिए भी विशेष रूप से और आम तौर पर प्रत्येक अहमदी के लिए अनुकरण योग्य है,

---

आदरणीय मुहम्मद उस्मान चु चिंग शी का गुणों का वर्णन और नमाज़े जनाज़ा ग़ायब

ख़ुत्बः जुमअः सय्यदना अमीरुल मो'मिनीन हज़रत मिर्ज़ा मसरूर अहमद ख़लीफ़तुल मसीह पंचम अय्यदहुल्लाहो तआला बिनस्त्रिहिल अज़ीज़, दिनांक 27 अप्रैल 2018 ई. स्थान - मस्जिद बैतुलफ़ुतूह, मोर्डन लंदन, यू.के.

أَشْهَدُ أَنْ لَّا إِلٰهَ إِلَّا اللّٰهُ وَحْدَهُ لَا شَرِيكَ لَهُ وَأَشْهَدُ أَنَّ مُحَمَّدًا عَبْدُهُ وَرَسُولُهُ۔
أَمَّا بَعْدُ فَأَعُوْذُ بِاللّٰهِ مِنَ الشَّيْطٰنِ الرَّجِيْمِ۔ بِسْمِ اللّٰهِ الرَّحْمٰنِ الرَّحِيْمِ ۔
اَلْحَمْدُ لِلّٰهِ رَبِّ الْعَالَمِيْنَ۔ اَلرَّحْمٰنِ الرَّحِيْمِ ۔ مٰلِكِ يَوْمِ الدِّيْنِ ۔ اِيَّاكَ نَعْبُدُ وَ
اِيَّاكَ نَسْتَعِيْنُ۔ اِهْدِنَا الصِّرَاطَ الْمُسْتَقِيْمَ ۔ صِرَاطَ الَّذِيْنَ اَنْعَمْتَ عَلَيْهِمْ ۔
غَيْرِ الْمَغْضُوْبِ عَلَيْهِمْ وَلَا الضَّآلِّيْنَ

पिछले दिनों जमाअत के एक बुज़ुर्ग और आलिम आदरणीय उस्मान चीनी साहिब की वफात हो गई। इन्ना लिल्लाह वा इन्ना इलैहि राजेऊन। अल्लाह तआला ने उन्हें चीन के एक दूरस्थ क्षेत्र से अपनी विशेष तकदीर से निकाल कर पाकिस्तान आने और अहमदियत स्वीकार करने का अवसर दिया। किस किस तरह अल्लाह तआला उनके साथ व्यवहार करता था और उन्हें अहमदियत स्वीकार करने और उन्हें धार्मिक ज्ञान प्राप्त करने और फिर जीवन वक्फ (समर्पित) करने की तरफ मार्ग दर्शन किया। उनकी अपने स्वयं के लिखे लेख हैं, उन्होंने अपनी यादें लिखी हैं और इस में काफी विस्तार से उस पर प्रकाश डाला है। यह विस्तार तो यहां वर्णन का समय नहीं है। उन्होंने विभिन्न लोगों को जो अपनी कुछ बातें बताएं लोगों ने जो उनके बारे में कुछ बातें लिखी हैं वे भी बहुत विस्तार से लिखी हुई हैं और उनका विवरण वर्णन करना भी या उन सब को वर्णन करना भी संभव नहीं। बहुत ईमान वर्धक बातें हैं। उनके हालात और उनकी जीवनी और सेवाओं और सीरत के बारे में इतनी अधिक सामग्री है कि एक किताब लिखी जा सकती है मेरे विचार में ख़ुद्दामुल अहमदिया पाकिस्तान यह काम बेहतर रूप से कर सकती है। बहरहाल इस समय में इस दरवेश सिफत व्यक्ति, जमाअत के बुज़ुर्ग वक्फे ज़िन्दगी, मुबल्लिग़ सिलसिला, आलिम बा अमल और वलीउल्लाह व्यक्ति का कुछ वर्णन करूंगा जो वाकफ़ीन ज़िन्दगी और मुबल्लिग़ों के लिए भी विशेष रूप से और आम तौर पर प्रत्येक अहमदी के लिए अनुकरण योग्य है, विभिन्न लोगों ने जो उन के सीरत के बार में लिखा है जैसा कि मैंने कहा है बाद में संक्षिप्त वर्णन करूंगा।

उस्मान चीनी के नाम से प्रसिद्ध थे, उनका पूरा नाम मुहम्मद उस्मान चु चिंग शी था। 13 अप्रैल 2018 ई को उन की वफात हुई। 13 दिसंबर 1 925 ई को यह चीन के अन्खोई प्रांत में एक मुस्लिम परिवार में पैदा हुए थे। हाई स्कूल के बाद 1946 में नान चुंग विश्वविद्यालय में एक साल का अग्रिम कोर्स किया फिर नान चुंग नेशनल सेंट्रल यूनिवर्सिटी विभाग राजनीतिशास्त्र में शिक्षा प्राप्त करना शुरू की। चूंकि राजनीति में कोई रूचि नहीं थी, इसलिए कानून या दर्शन के बारे में सोचा। पहले कहते हैं कि तुर्की जा कर अध्ययन करने का इरादा रखता था, फिर 1949 ई में यह पाकिस्तान आए। ख़ुद अनुसंधान कर के उन्होंने बैअत की। जामिया अहमदिया में पढ़ना शुरू किया। अप्रैल 1957 ई में जामिया अहमदिया से शहादतुल इजानब की परीक्षा पास की। यह मुबल्लिग़ों का short course था। 16 अगस्त 1959 ई को आपने वक्फ किया और आपकी नियुक्ति जनवरी 1960 ई में हुई थी। फिर मुबल्लिग़ कक्षा का पाठ्यक्रम पास करने के लिए, उन्होंने अप्रैल 1961 ई में जामिया अहमदिया में दाख़िला लिया और 1964 ई में शाहिद की डिग्री प्राप्त की। पाकिस्तान में वकालत तसनीफ तहरीक जदीद रबवा में तथा कराची और रबवा में उन्हें बतौर वाक्फे ज़िन्दगी और मुरब्बी के सेवा करने की तौफ़ीक़ मिली। 1966 ई में सिंगापुर और मलेशिया में उन्हें सेवा की तौफ़ीक़ मिली। वहाँ वे लगभग साढ़े तीन साल सिंगापुर में और लगभग चार महीने मलेशिया में रहे। 1970 ई में वापस पाकिस्तान आए और फिर विभिन्न स्थानों पर मुरब्बी सिलसिला रहे। उन्हें उमरा और हज बैतुल्लाह की भी सआदत नसीब हुई और हज़रत ख़लीफतुल मसीह राबि की हिजरत के बाद जब यहाँ लंदन में विभिन्न कार्यालयों की स्थापना हुई, कार्यों में विस्तार पैदा हुई जमाअत के साहित्य का अनुवाद करने की ओर अधिक विस्तार पैदा हुआ तो चीनी डेस्क भी स्थापित किया गया था और उन्हें यहां बुलाया गया था और आपको चीनी किताबों के चीनी अनुवाद की तौफीक प्राप्त हुई, जिसमें कुरआन का चीनी अनुवाद विशेष रूप से उल्लेखनीय है। आप ने जमाअत की मान्यताओं और शिक्षाओं पर भी पुस्तकें लिखी हैं।

आपके परिवार में आपकी पत्नी एक बेटा और दो बेटियां हैं। जहां तक कुरआन के चीनी अनुवाद का सवाल है 1986 ई में उन्होंने चीनी कुरआन के अनुवाद काम हज़रत ख़लीफतुल मसीह राबि की हिदायत पर शुरू किा और इसी साल जून में आप को पाकिस्तान से ब्रिटेन बुला लिया गया और चार साल की कड़ी मेहनत के बाद यह अनुवाद पूरा हुआ। चीनी साहिब ख़ुद लिखते हैं कि चीनी कुरआन का अनुवाद का काम काफी समय चाहता था हज़रत ख़लीफतुल मसीह राबि की तरफ से हिदायत थी कि इस शत वार्षिकी जश्न के अवसर पर प्रकाशित होना चाहिए। कहते हैं कि मुझे बहुत चिंता थी कि काम समय पर पूरा हो जाए। उपयुक्त आदमियों की तलाश थी जो चीनी भाषा की गुणवत्ता और पुनः अवलोकलन में सुधार करने में मदद कर सकते हैं, और पाकिस्तान या ब्रिटेन में रह कर यह काम बहुत मुश्किल था। जैसे अगर चीनी भाषा में कोई पारंगत था तो इस्लामी ज्ञान से अनभिज्ञ था और अगर धर्म का ज्ञान था तो चीनी भाषा की गुणवत्ता नहीं थी और यह बड़ा कठिन काम था। बहरहाल कहते हैं जब अनुवाद पूरा हो गया तो हज़रत ख़लीफतुल मसीह राबे के निर्देश पर चीन और सिंगापुर जाकर चीनी भाषा के विशेषज्ञों से भी सलाह की और इस का सुधार किया और अल्लाह तआला की कृपा से चीनी भाषा में कुरआन का बड़ा मानक अनुवाद तैयार हुआ और ख़ुद यह बड़ी विनम्रता से लिखते हैं कि यह काम मेरे लिए संभव नहीं था यह केवल अल्लाह तआला की कृपा है जिस से संभव हुआ। यह कहते हैं कि चीनी भाषा में इससे पहले भी कई कुरआन के अनुवाद मौजूद थे और बाद में भी अनुवाद हुए जिनकी संख्या बहुत है लेकिन जमाअत अहमदिया ने जो अनुवाद किया है इस की अनूठी विशेषताएं हैं जो किसी और अनुवाद में नहीं

हैं और इसमें भी जमाअत के ज्ञान के कारण से यह एक महान कृति है। इसके प्रकाशन पर चीन और अन्य देशों की भाषा विज्ञों की तरफ से बहुत तबसरे किए गए जिस में इस को अनुवाद को सर्वोत्तम ठहराते हुए महान श्रद्धांजलि दी गई थी। जमाअत का अनुवाद काफी लोकप्रिय है और बड़ी मांग है और आम तौर पर कुछ लोग आपत्ति भी करते हैं कि जमाअत ने अपनी आस्थाओं को बीच में डाल दिया है या अपने अनुसार व्याख्या कर दी गई है लेकिन सामान्य रूप से अनुवाद की गुणवत्ता प्रत्येक ने बहुत अच्छी बताई है। चीन के एक प्रोफेसर लिन सान्ग हैं, उन्होंने एक पुस्तक "इस शताब्दी के चीनी भाषा में कुरआन के अनुवाद" पर लिखी है, जिसमें हमारे कुरआन के अनुवाद का भी उल्लेख है और इसमें लगभग पंद्रह पृष्ठों हैं जिन में जमाअत अहमदिया के चीनी कुरआन के अनुवाद पर इस की टिप्पणी हैं और प्रोफेसर साहिब बड़ी स्पष्टता के साथ हमारे कुरआन के अनुवाद के गुणों का ज़िक्र करते हैं जैसे कहते हैं कि आम उलेमा जब अनुवाद करते हैं कुछ शब्दों का अनुवाद नहीं करते बल्कि अनुवाद के स्थान पर वही अरबी शब्द लिख देते हैं या हाशिया में उसकी व्याख्या करते हैं लेकिन अंत तक ऐसा लगता है जैसे वह भाग उनके लिए अस्पष्ट है जबकि उस्मान साहिब के अनुवाद में यह सुविधा है कि वे ऐसे स्थानों का भी अनुवाद भी करते हैं और जिस आधार पर वे अनुवाद क्या होता है समर्थित संदर्भ हाशिया में दर्ज करते हैं। प्रोफेसर साहिब यह लिखते हैं कि कुरआन के अनुवाद के बारे में मैंने टिप्पणी लिखी थी उसके बाद कई बार उस्मान साहिब से मुलाकात भी हुई। मेरी धारणा यह है कि यह एक ग़ैर का पढ़े लिखे प्रोफेसर की धारणा है जो इस्लाम पर अपने आप को मानक समझता है कि यह अर्थात उस्मान चीनी साहिब एक सरल विनम्र निष्ठा पूर्वक और आदेशों पर गंभीरता से अमल करने वाले व्यक्ति हैं। कहते हैं रमज़ान में मैंने उन्हें दावत पर बुलाया था उस्मान साहिब रोज़ा रखते हैं। क़ुरआन शरीफ को शरीयत की उच्च किताब समझते हैं। फिर आगे लिखता है कि हालांकि उनके अनुवाद और व्याख्या के कुछ हिस्से हमारे चीनी सुन्नी समुदाय के लोगों के दृष्टिकोण से मेल नहीं रखते लेकिन क्या इस बात से इनकार किया जा सकता है कि यह व्यक्ति एकेश्वरवाद को मानने वाला है। हुज़ूर सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम से प्यार करने वाला है और अल्लाह तआला के आदेश की पाबन्दी करने वाला है

चीनी साहिब ने अपनी निगरानी में जो चाईनीज़ साहित्य तैय्यार किया उनके अंग्रेज़ी शीर्षक ये हैं। My life and ancestary चाईनीज़ भाषा में लिखी है। Introduction to morality चाईनीज़ में लिखी। यह सात किताबें उनकी अपनी हैं वैसे पैंतीस के लगभग किताबें हैं जो उन्होंने अपनी निगरानी में अनुवाद कीं तथा करवाई हैं। An outline of Ahmadiyya Muslim jama'at यह जमाअत का परिचय है। Outline of Islam इस्लाम का परिचय है। Fundamental questions and answers about Islam बुनियादी सवाल हैं इस्लाम के विषय में। Islamic concept of Jihad and Ahmadiyya Muslim Jama'at यह भी उन्होंने चाईनज़ में किताब लिखी है Ahmadiyya Muslim comunity is contribution to the world यह लिखी और मानव जीवन में इस्लाम और धर्म की क्या ज़रूरत है। ये उपरोक्त वर्णित उनकी अकादमिक सेवाएं हैं। मैंने संक्षेप में वर्णन कर दिया है।

घरेलू जीवन के विषय में उनकी पत्नी लिखती हैं कि जब मेरे लिए उस्मान साहिब का रिश्ता पाकिस्तान से आया तो मेरे पिताजी ने उम्र के अंतर के कारण रिश्ता में सहमति प्रकट नहीं की। उनकी पत्नी भी चीनी हैं। और कहती हैं मेरी उम्र उस समय बीस साल थी। उस्मान साहिब पचास साल के करीब थी। कई महीने तक पिताजी ने मुझ से इस रिश्ता के बारे में बताया नहीं फिर अंत में जब उन्होंने बताया तो ख़त मेरे सामने रख दिया कि मैं ख़ुद निर्णय कर लूं। कहती हैं कि मैंने सपने में देखा था कि मैं बाहर किसी देश में एक बड़े क्षेत्र में बिल्कुल खाली हाथ खड़ी हूँ और अचानक सोचती हूँ कि मेरा क्या बनेगा। तब मैंने कुछ दूरी पर सफेद कपड़ों में एक व्यक्ति को देखा और एक आवाज़ सुनी कि तुम्हारी सभी ज़रूरतें इस व्यक्ति द्वारा पूरी की जाएंगी। कहती हैं इस पत्र को देखने के बाद मैंने उस्मान साहिब को सपने में देखा, जबकि वह सफेद कपड़े पहने मेरे पास खड़े थे और मैं लेटी हुई थी। बाद में जब मुझे उस्मान साहिब की तस्वीर दिखाई गई तो मुझे मालूम हुआ कि यही वह व्यक्ति है जिन्हें मैंने सपने में देखा था और इस तरह मैंने रिश्ता स्वीकार कर लिया। चार साल सगाई रही पासपोर्ट नहीं बन रहा था। वहां परिस्थितियां बड़ी ख़राब थी और राजनीतिक स्थिति और सांस्कृतिक तहरीक के कारण उन का आना बहुत मुश्किल था। वह कहती हैं कि उस्मान साहिब ने एक सपना देखा था कि जब माओ त्से-तुंग की मृत्यु होगी तो पत्नी आएगी और माओ त्से-तुंग साहिब चीन के उस समय चेयरमैन थे। उनको कोई बीमारी नहीं थे स्वास्थ्य भी अच्छा था और बड़े आराम से जीवन गुज़ार रहे थे बहरहाल उस पर उन्होंने कहा कि यह तो बड़ा लंबा समय लगता है पता नहीं कब आए चीनी साहिब ने फैसला किया कि माओ त्से-तुंग को पत्र लिखें। कहते हैं पत्र लिखने जा रहा था कि माओ त्से तुंग की मृत्यु की सूचना मिल गई और उसके बाद उनकी पत्नी लिखती हैं कि उस की मृत्यु के कुछ दिन बाद ही मुझे अपना पासपोर्ट मिल गया और कहती हैं अत: मैं अपने पिता के घर पासपोर्ट ले आई और जब मैं घर आई तो उस रात बहुत बारिश हुई और इससे पहले बहुत सूखा था इतनी बारिश हुई कि पृथ्वी में बड़े बड़े जो जल प्रवाह के कारण कटाव होते हैं वे पैदा हो गए। एक ग़ैर अहमदी पड़ोसी ने मुझे कहा कि तुम पहले आ जाती तो यह सूखा हम से दूर हो जाता। बहरहाल कहती हैं एक सप्ताह के बाद चीन से निकली और सामान मेरे पास कुछ भी नहीं था दो जोड़े थे जो उस्मान साहिब के छोटे भाई ने मुझे दिए थे और सोया सॉस की कुछ क्यूब्स थीं। 12 अगस्त 1978 ई को मैं कराची पहुंची। वहाँ चौधरी मुहम्मद मुख्तार साहिब ने निकाह पढ़ाया और खुद ही मेरे अभिभावक नियुक्त हुए तीसरे दिन हम ने चाईनीज़ एंबेसी में जाना था और ट्रेन द्वारा जब हम गए जहां पुरुषों और महिलाओं के लिए अलग अलग प्रबंध था और निर्णय यह हुआ था कि जब सारे लोग ट्रेन से उतर जाएंगे हम स्टेशन पर मिलेंगे लेकिन यह कहती हैं कि मैं तो नई थी जिस डिब्बा में बैठी थी उसके सारे लोग यात्री उतर गए मैं समझी यही अंतिम स्टेशन है और ट्रेन जब दोबारा चली तो तो मुझे एहसास हुआ उस समय ट्रेन को फिर से पकड़ना मुश्किल था बहुत भीड़ थी। ख़ैर मैं बहुत परेशान थी बहरहाल एक पुलिस अधिकारी ने जब मुझे फिरते हुए देखा तो उसने रेलवे पुलिस वालों को वहां बुला लिया और फिर मुझे चाईनीज़ एंबेसी भिजवा दिया। कहती हैं मैंने नकाब और कोट पहना हुआ था उस समय एंबेसी वालों को विश्वास नहीं आ रहा था कि मैं चाईनीज़ हूँ क्योंकि एक औरत बुर्का में कैसे हो सकती है बहरहाल उन्होंने एक चीनी पत्रिका मंगवाई और मुझे कहा पढ़ के सुनाओ और फिर टैक्सी का प्रबन्ध किया बहरहाल एक लंबी कहानी है और किसी न किसी तरह वह पहुँच गई। टैक्सी वाला रास्ते में पूछटाजा रहा था कि कहां जाना है तो उस ने उनको पहुंचा दिया और बल्कि ैक्सी वाला बहुत हैरान था कि मैंने कभी एक जवान औरत को घूमते हुए और फिर इस प्रकार से मिलते हुए गेखा नहीं। बहरहाल कहती हैं कि यह हमारी ज़िन्दगी की शुरुआत थी। उस्मान साहिब लिखती हैं कि बारे में लिखती हैं कि अच्छे पति थे, बल्कि मेरे आध्यात्मिक शिक्षक थे, जब मैं पाकिस्तान आई तो उन्होंने मुझे पहले नमाज़ पढ़ना सिखाया। मस्जिद में नमाढ़ पढ़ाने के बाद, घर आते और मुझे जमाअत के साथ नमाज़ पढ़ाते। कई कई घंटों मुझे नमाज़ के अरबी शब्दों को याद कराते, उन्होंने मुझे प्रत्येक शब्द और पंक्ति सिखाई और इसे अभ्यास करने की सलाह दी और यदि अगर भूल जाओ, तो दुआओं की पुस्तक सामने रखें। उन्होंने मुझे छह महीने में कायदा पढ़ना सिखा दिया। उन्होंने मुझे कुरआन पढ़ना सिखाना शुरू किया तो साथ-साथ अनुवाद भी पढ़ाना शुरू किया, ताकि मेरी रुचि बनी रहे। बहुत धैर्य वाले थे। बहुत गहराई तक जाकर विषय को समझाते लंबे उदाहरण के साथ समझाते। रिश्तेदारों का बहुत अधिक सम्मान करने वाले थे। उन्होंने अपनी मां को चीन से पाकिस्तान बुलाकर उनकी भरपूर सेवा की। कहती हैं कई बार हमारे हालात ऐसे होते थे कि दिन मैं केवल एक बोतल दूध खरीद सकते थे और वह भी अपनी मां को दे देते थे। जहां भी सफर पर जाते अपनी मां को साथ रखते। चीनी साहिब ने मां की बहुत सेवा की। यह कहती हैं कि आपकी सारी उम्र अपने काम के साथ लगाव पर आधारित थी। जब आपका स्वास्थ्य अच्छा था, वे रात में देर तक दफतर में काम करते थे, बल्कि कई बार काम करते सुबह हो जाती थी। घर पर उनका सबसे महत्त्वपूर्ण काम बच्चों को अच्छी तरह से प्रशिक्षित करना था और बाकी दुनिया में कोई दिलचस्पी नहीं लेते थे, अपने भोजन और कपड़ों के बारे में बहुत ही सरल तथा सादा मिज़ाज थे।

फिर उन की बड़ी बेटा डाक्टर कुर्रतुल ऐन साहिबा लिखती हैं कि मेरे पिता के गुणों को कुछ शब्दों में वर्णन करना मेरे लिए बहुत कठिन है। आप बहुत शफीक दयालु बहुत मेहनती अनथक मेहनती हमेशा अच्छी उम्मीद रखने वाले विनम्र इंसान थे। प्रत्येक मामले में हम सारे भाई बहन और फिर अपने दामादों को भी बातचीत में शामिल होने के लिए प्रोत्साहित करते थे। स्कूल की पढ़ाई में रुचि लेते थे। टीचर की प्रतिक्रिया मालूम करते थे कि टीचर ने क्या कहा और कहते थे तुम लोगों के जीवन का उद्देश्य यह है , दुनिया में तुम्हें इसलिए अल्लाह तआला ने भेजा है कि तुम तब्लीग़ करो विशेष रूप से चाईनीज़ लोगों को और हमें नियमित समझाते थे कि आध्यात्मिकता नैतिकता और ज्ञान में तरक्की करते रहो और अक्सर कहते थे

कि तुम लोग के व्यक्तित्व और दृष्टिकोण को देख कर लोगों को यह इहसास होना चाहिए कि ईश्वर मौजूद है, क्योंकि जो बच्चे ईश्वर में विश्वास करते हैं वे उन बच्चों से बेहतर होते हैं जो उस पर विश्वास नहीं करते हैं। यह भी नसीहत करते कि तुम्हारे हर काम जो शुरू करो उसमें नियमितता होनी चाहिए। यह कभी नहीं हुआ कि आप ने बचपन में डांटा हो। हमेशा प्यार से समझाते और जहां कहीं कठोरता की तो नमाज़ के बारे में कि नमाज़ में नियिमतता क्यों नहीं रखी। और बल्कि आदत डालने के लिए हमें बचपन में पांचों समय नमाज़ पढ़ने के लिए ले जाते और हमें छुट्टियों में कोई न कोई किताब पढ़ने के लिए देते और इस का टेस्ट लेते थे। फिर कहती हैं कि उन्होंने किश्ती नूह की एक बहुत पुरानी कापी पढ़ने के लिए दी। और साथ साथ यह भी कही कि इस को पढ़ो इस की उर्दू इतनी कठिन नहीं है जितनी दूसरी किताबों की उर्दू कठिन है फिर कहने लगे यह किश्ती नूह वह पहली किताब है जो जामिया अहमदिया में उन्होंने ख़ुद पढ़ी थी। फिर पर्दा के बारे में भी उन को बहुत चिन्ता थी विश्वविद्यालय जाओगी तो पर्दा करना और अगर पर्दा उतारने की मजबूरी हो तो फिर मेकअप नहीं करना और केवल पढ़ाई के दौरान। हज़रत ख़लीफतुल मसीह राबे से उन्होंने पूछा था फिर इस की आज्ञा दी। विश्वविद्यालय में उनकी इस शर्त के साथ पढ़ने की अनुमति है कि तुम्हारा पर्दा हो और यदि कक्षा में पर्दा उतारना अनिवार्य है तो फिर मेकअप नहीं होना चाहिए। और इस के बाद भी फिर पर्दा हो।

इसी तरह, छोटी बेटी, मुंन्नज़ह वह भी कहती हैं कि हमेशा यह कहते थे कि तुम लोगों को चंद्रमा प्राप्त करने की कोशिश करनी चाहिए, ताकि यदि चंद्रमा नहीं मिला, तो सितार तो मिल जांएगे। अर्थात ऊंचे उद्देश्य रखो। हमेशा पांचों समय की नमाज़ों के अतिरिक्त हमें तहज्जुद की नमाज़ पढ़ने की नसीहत करते। पानी के छींटे डाल कर हमें फज्र की नमाज़ में उठाते। हजरत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम और ख़लीफाओं की किताबें पढ़ने की तरफ ध्यान दिलाते और कई घंटों बैठ कर बहुत ध्यान से हमारे सवालों के जवाब देते यह नहीं कि हमारी थोड़ी सी बात पर तंग आ जाएं। यह माता-पिता के लिए भी एक नमूना है। यह कहती हैं कि जो गुण तुम्हें अल्लाह तआला ने दिए हैं उन को प्रयोग करो और कभी उन्हें नष्ट न करो और कहती हैं जो कर्म भी करो अल्लाह तआला की इबादत की नियय्त से करो। आध्यात्मिक तरक्की का उदाहरण देते हुए कहते थे कि उस सीढ़ियों की तरह होती है जिस में कभी कभी ठहराव आ जाता है परन्तु फिर भी साथ ही साथ और अधिक उंचाई की तरफ कदम बढ़ता है।

यह लिखती हैं कि उन्होंने हमें सादगी और विनम्रता और दूसरों को ख़ुद पर प्राथमिकता देना सिखाया है। जब आप सदर जमाअत इस्लामाबाद थे जो सारे घरों में सेन्ट्रल हीटिंग लगाई जा रही थी। उस समय उन्होंने आश्वासन दिया कि हमारे घर में सब के अन्त में काम हो। उनके बेटे डाक्टर दाऊद साहिब कहते हैं कि उन्होंने मुझे बताया कि जामिया में शिक्षा के दौरान उन्हें अपने बड़े भाई और पिताजी की मृत्यु का टेलीग्राम आया तब वह जामिया की परीक्षाओं में व्यस्त थे उन्होंने सोचा कि यह दुर्भाग्यपूर्ण ख़बर भी जामिया की परीक्षा की तरह है। अल्लाह तआला की परीक्षा है और यह सोच कर आप ने अपने समय पर परीक्षा दी और समय बर्बाद नहीं किया।

उन के यह बेटे ही लिखते हैं उनके कि चाईनीज़ लोगों में तब्लीग़ का उन्हें बहुत शौक था जिस फंगशन में भी जाते वहाँ लोगों को अहमदियत का परिचय कराते और साहित्य बांटते यहाँ तक कि जब आप व्हीलचेयर पर आते थे चल नहीं सकते थे, जब बीमार हो गए व्हीलचेयर के बॉक्स में भी बहुत किताबें लाने पर ज़ोर देते थे कि मैं लोगों में वितरित कर सकूं।

फिर यह कहते हैं कि जब मैं छोटा था तो कभी उनके कार्यालय में चला जाता पैन या पेंसिल लेने की कोशिश करता तो मुझे अपने कार्यालय में रखे हुए पैन को उपयोग करने नहीं देते थे और मेरी मां से कहते थे कि मेरे लिए अलग पैन खरीद कर इसे एक पैन दो और अगर कभी फोटो कॉपी करना है तो मुझे अपने घर से अपना पेपर लाने के लिए कहते और फिर मशीन पर फोटो कॉपी कर लेना। फिर, उन के बेटे उन के बारे में लिखते हैं अल्लाह तआला के गुणवाचक नामों को याद करने की नसीहत करते थे कि अल्लाह तआला के जितने गुणवाचक नाम हैं उन्हें याद करो। उन्होंने चीनी भाषा में एक कविता भी लिखी थी, जिसने अल्लाह के सौ विशिष्ट नामों की प्रशंसा की। यह नज़्म रोज़ाना रात को पढ़ते थे और खेल के रूप में हम भाई बहनों के साथ अल्लाह तआला के नाम को याद रखने के लिए प्रतिस्पर्धा करवाते थे, और फिर इनाम देते थे।

कोई दो तीन महीने पहले यह मुझसे अपने दामाद और परिवार के साथ मिलने आए तो उनके दामाद लिखते हैं कि मुझे उन्होंने तीन बातें लिख कर दिए कि मैं तो बोल नहीं सकूंगा। उन्होंने मेरे से जो पूछना था वह यह था कि मैं तो कमज़ोर हूं और मैं ख़ुद को खड़ा नहीं कर सकता, इसलिए मैं व्हीलचेयर पर बैठा हूं, इसके लिए खेद है। बड़ा सम्मान था ख़िलाफत का और यह भी दुआ करें कि मैं अंतिम सांस तक तब्लीग़ करता रहूं और इसकी मुझे अनुमति भी दें और फिर यह कि कार्यालय में जा नहीं सकता तो घर में अपना काम करने की अनुमति दें। काम की धुन थी, यह नहीं था कि मैं घर में बैठा हूं तो बैकार बैठा हूं। घर पर भी काम करते रहते। यह जब हज पर गए हैं तो उनके दामाद भी साथ थे। तो यह कहते हैं कि उस्मान साहिब ने अपनी दुआ की भावनाओं को चाईनीज़ नज़म में लिखा हुआ था और उनको बताया कि मैं इन को इसलिए नज़म में लिख रहा हूं कि ताकि भविष्य में भी उनसे लाभ उठा सकूं और हज के हमारे समूह में एक अवसर पर कुछ लोगों ने आदरणीय उस्मान चीनी साहिब से पूछा कि आप क्या लिख रहे हैं।? आप ने उन्हें संक्षेप में बताया कि मैं अपनी चाईनीज़ क़ौम के लिए दुआएं कर रहा हूँ कि अल्लाह तआला उन्हें वास्तविक इस्लाम की तरफ मार्गदर्शन दे। उन सावल करने वालों ने बहुत आश्चर्य को प्रकट किया कि एक बूढ़ा आदमी जो बिना सहारे कि चल नहीं सकता उस को अपनी क़ौम के मार्गदर्शन की चिन्ता है।

फिर चीनी साहिब अपने हालात में एक जगह लिखते हैं कि चीन में बौद्ध धर्म और कन्फ्यूशीवाद और ताओ वाद की कुछ शिक्षाएं आपस में मिश्रित हो गई हैं और कई चीनी एक समय में इन तीनों धर्मों की शिक्षाओं का पालन करते हैं लेकिन इस ज़माने में उन्होंने इन विभिन्न शिक्षाओं को जमा करके अपने लिए एक धर्म बनाया है और इस धर्म में मानव की नैतिक हालत की ओर विशेष ध्यान दिया जाता है। उस्मान साहिब लिखते हैं कि जब तीन चीनी अखबारों में मेरे साक्षात्कार प्रकाशित हुए तो मलेशिया दास्ता सोसायटी ने जो नया धर्म दे इज़्म है उन की सोसायटी ने मुझ से इच्छा की कि मैं इस्लाम की नैतिक शिक्षाओं पर एक लेख लिख़ूं ताकि वह इस्लाम की नैतिक शिक्षाओं का दूसरे धर्मों की शिक्षाओं के साथ एक पत्रिका में प्रकाशित करें इसलिए मैंने इस सिलसिले में एक लेख लिखा और जिस पर उन्होंने वापस चीनी साहिब को जवाब दिया कि हमें आप ने इस्लाम बारे में एक भव्य लेख दिया है हम आपके बहुत आभारी हैं आप ने निष्पक्ष रंग में इस्लाम के तथ्य बयान किए हैं आप की चर्चा सूक्ष्म थी इससे मालूम होता है कि आप ने बहुत अच्छी तरह धर्म का अध्ययन प्राप्त किया है। चीनी लोगों को अभी तक इस्लाम से परिचय नहीं है कारण यह है कि चीन में इस्लाम का प्रचार नहीं किया गया था। अब आप सिंगापुर में इस्लाम के प्रकाशन के लिए आ गए हैं, तो यह अनिवार्य है कि इस्लाम चीनियों में फैल जाए और चीनी लोगों भी इस की बरकतों से लाभ प्राप्त करें।

आग़ा सैफुल्लाह साहिब इन के सहपाठी थे उस समय जामिया में पढ़ते थे। लिखते हैं कि उस्मान चीनी साहिब मेरे सहपाठी भी थी। आप भरपूर जवानी की उम्र में नेक अच्छे चरित्र और नेकियों के मालिक थे। बड़ी वेदना से नमाज़ अदा किया करते थे और बहुत रो कर दुआ मांगा करते थे। नफली रोज़ा रखा करते थे नफल अदा करने के आदी थे। तस्बीह तहमीद और ज़िक्रे इलाही में बहुत ध्यान था। अहमदियत की नेअमत मिलने पर बहुत अल्लाह तआला का शुक्र अदा किया करते थे और हमेशा बहुत श्रद्धा और वफादारी से भावनाओं को प्रकट करते थे। यह लिखते हैं कि यह सच्ची बात है कि पढ़ाई के ज़माना में भी है कई बार उदासी और फिक्र में उन के आँसू बहना शुरू कर देते थे। अपनी मां भाइयों से मिलने और उनकी खैरियत के बारे में वहाँ पर स्थापित शासन की वजह से कभी कभी दुख व्यक्त करते और बड़ी वेदना और गिड़िगड़ा कर अपने सच्चे ख़ालिक से दुआएं करते। कहते हैं यह नज़ारा अब बड़ी उम्र में भी मेरे लिए रश्क के योग्य हैं। आग़ा सैफुल्लाह साहिब लिखते हैं कि वास्तिवकता यह है कि इस ख़ुदा के बन्दा ने उस ज़माना में जो कुछ मांगा अल्लाह तआला ने उन की श्रद्धा और वफादारी को स्वीकार किया और अहमदियत की बरकत से सब कुछ दिया और बहुत नेअमतों से भी नवाज़ा बल्कि अल्लाह की मख़्लूक ने भी उन की दुआओं की कुबूलियत से लाभ उठाया। कहते हैं कि मुझे भी छात्र जीवन में हज़रत मौलवी ग़ुलाम रसूल साहिब राजेकी, हज़रत मौलवी अब्दुल लतीफ साहिब बहावलपूरी, साहिबज़ादा सय्यद अबुल हसन साहिब और दूसरे बुज़ुर्गों की सेवा में बैठने और दुआ का निवेदन करने और उन की दुआओं के प्रभाव को अल्लाह के फज़ल से देखने की तौफीक मिली है। यह लिखते हैं कि मैं पूरी सावधानी से और अपने देखने से यह गवाही दे सकता हूं कि इबादत में वेदना और दुआ की कुबूलियत के लिहाज़ से इन सम्मानीनय बुज़ुर्गों की छवि उस्मान चीनी साहिब की हस्ती में मौजूद थी। कहते हैं कि मैंने ख़ुद भी कई बार व्यक्तिगत मामलों में इन की कुबूलियते दुआ को देखा है। और फिर लिखते हैं कि

आप हमेशा मुझे और मेरे साथ के मिलने वालों को दुआएं करने की नसीहत करते थे और बहुत समझदार और मोमिन की फिरासत वाली समझ रखते थे। जमाअत के इंतज़ामी मामलों में बहुत ध्यान रखते थे। ख़ुद भी जमाअत के निज़ाम का बहुत ध्यान रखते थे और अपने दोस्तों और मिलने वालों को इस की हमेशा नसीहत करते थे। ख़िलाफत से पूर्ण रूप से अकीदत रखते थे और उन के उपकारों पर शुक्रिया अदा करते थे। जब भी कोई आप से दुआ का कहता था तो कहते थे कि समय की ख़लीफा की सेवा में दुआ का निवेदन किया।?

इस्लामाबाद के सदर जमाअत डाक्टर रिज़वान साहिब लिखते हैं कि नमाज़ से उन की मुहब्बत की यह अवस्था थी कि अन्तिम कुछ सालों में उन्हों अपने घर से मस्जिद तक जाने के लिए जो केवल कुछ मिन्ट की दूरी थी कई मिन्ट लग जाते थे और रास्ते में कई बार रुक कर सांस लेना पड़ता था परन्तु इस के बावजूद मैंने उन्हें कभी नमाज़ जमा करते हुए नहीं देखा। एक बार मग़रिब और इशा की नमाज़ में बहुत कम समय था तो मैंने उन्हें कहा कि आप मस्जिद में जाने के स्थान पर घर में इशा की नमाज़ का प्रबन्ध कर लिया करें या जमा कर लिया करें तो फरमाने लगे कि चलने से व्यायाम हो जाता है और घर से मस्जिद तक की दूरी यह करने का सवाब भी मिल जाता है इसलिए मैं जाता भी हूं और आता भी हूं।

रशीद बशीरुद्दीन साहिब अबू ज़हबी में हैं। वह कहते हैं कि उनकी दुआओं से ग़ैर अहमदी और अहमदी सब फ़ैज़ पाते थे जब यह कराची में ड्रग रोड निवास के दौरान मुरब्बी थे ग़ैर अहमदी पुरुष और महिलाएं चीनी साहिब से अपने व्यक्तिगत और अन्य मामलों में सलाह लेते और यह गवाही देते कि कि उनकी सलाह पर अनुकरण करने से और चीनी मौलवी से दुआ करवाने के बाद उन के बड़े बड़े मस्ले हल हो जाते हैं। तो सारांक्ष यह कि ड्रग रोड कराची का मशहूर चीनी मौलवी सभी लोगों के लिए लाभ दायक वुजूद रहा और लोगों को असंख्य मुहब्बतें बांटता रहा। इन के इंग्लैंड जाने के लंबे समय तक गैर-अहमदियों में उन का ज़िक्र और याद स्थापित रही।

यह कहते हैं मैंने यह भी देखा है चीनी साहिब माँ की बड़ी सेवा करते थे। कई बार माँ क्रोध से डांटती और यह लपक कर उन्हें प्यार करते उनकी ज़रूरतों का ख्याल रखते और इतने ध्यान से करते कि इस बात की कोई चिन्ता नहीं होती थी कि आसपास कोई है या नहीं कोई देख रहा है और उन का यह प्यार ग़ैर मामूली था।

जमाअत कमूक किर्गिस्तान के मजानो मुहम्मद साहिब लिखते हैं कि उस्मान चू साहिब से मेरी मुलाकात 1994 ई में एक यात्रा के दौरान हुई। शुरुआत मैं मुझे यह अनुमान नहीं हुआ कि वह मुसलमान हैं या जमाअत अहमदिया के विद्वान हैं लेकिन जब जहाज़ उड़ान भरने लगा तो उन्होंने बिस्मिल्लाह पढ़ा तब मुझे पता चला कि वह मुसलमान हैं। कुछ देर के बाद मैंने उन्हें सलाम किया हमारा परिचय हुआ और हमने विभिन्न मुद्दों के बारे में बात करना शुरू कर दी। उन्होंने मुझसे पूछा कि क्या आप ने जमाअत अहमदिया मुस्लिम के बारे में जानते हैं। मैंने कहा, "मुझे नहीं पता," इस के बाद उन्होंने मुझ से पूछा। क्या आप कुरआन मजीद का चीनी भाषा में अनुवाद पढ़ते हैं। मैंने जवाब दिया कि जी मैं पढ़ता हूं। इस पर कहने लगे कि चीनी भाषा में कुरआन मजीद के कितने अनुवादों का आप को पता है? मैंने कहा, इस समय जितने कुरआन के अनुवाद हैं मैंने उन का अध्ययन किया है और कर रहा हूं । तो उस्मान साहिब ने कहा कि जिन अनुवादकों ने कुरआन के चीना भाषा में अनुवाद किए हैं क्या आप उन को जानते हैं? मैंने कहा मैं सब को जानता हूं। तो उस्मान साहिब ने कहा कि इन अनुवादकों में से एक मैं एक अनुवादक का नाम उस्मान चू है। क्या आप उन को जानते हैं। मैंने कहा कि जी मैं उन्हें नहीं जानता न मैंने उन का कुरआन का अनुवाद पढ़ा है और न मैं उन से मुलाकात हुई है। उन्होंने मुझ से पूछा कि आप उस्मान चू साहिब को कैसे जानते हैं? मैंने कहा कि बस मुझे यह ज्ञान हैं कि वह आलिम हैं। कुरआन का चीनी भाषा में अनुवाद कर चुके हैं मगर मैंने उन्हें कभी देखा नहीं। इस पर उन्होंने बताया कि मैं ही उस्मान चू हूं। मुझे विश्वास नहीं आ रहा था कि मैं उस्मान चू साहिब से मुलाकात कर रहा हूं उन्होंने मुझे अपना सम्पर्क का नम्बर दिया फिर अस्थायी पता भी दिया जहां ठहरे हुए थे। एक दो दिन के बाद उस्मान चीनी साहिब का फोन आया कि मैं आप के घर आ कर आप से मिलना चाहता हूं तो मैं सोच भी नहीं सकता था कि इतना बड़ा आलिम मेरे घर मिलने आने वाला है। मैंने इन का अपने घर में स्वागत किया। उन के साथ दो पाकिस्तानी दोस्त भी थे। हम दस मिन्ट तक विभिन्न विषयों पर बातचीत करते रहे इस के बाद उस्मान चू साहिब ने मुझे एक होटल में खाने की दावत दी। मैंने उनसे कहा कि आप अतिथि हैं और मुझे आपको आमंत्रित करना चाहिए, लेकिन उन्होंने कहा कि आप एक तो छात्र हैं और मैं आपके से बड़ा हूं और मैं आपके माता पिता के स्थान पर हूं , इसलिए मुझे आपकी मदद करनी चाहिए। उसके बाद हमने रेस्तरां में खाना खाया विभिन्न बातों के बारे में बात की और एक दिन की तरह बात की मैं उन्हें मिलने गया। सेंट्रल बैंक की इमारत थी। हम ने उन के निवास में बैठ कर बात की। उस्मान चू साहिब ने मुझ से वफाते मसीह, ख़त्मे नबुव्वत, याजूज माजूज, इमाम महदी और कुरआन तथा हदीस के बारे में सवाल किए। मैंने उन्हें वही जवाब दिए जो प्राय: मुसलमान दिया करते हैं, उस्मान चू साहिब मुस्कराने लगे और फिर मुझे इन सवालों के सही जवाब दिए मुझे शब्द ही नहीं मिल रहे थे कि मैं क्या जवाब दूं मुझ पर इन जवाबों का गहरा प्रभाव हुआ। इस प्रकार उन्होंने मुझे कुरआन मजीद का अनुवाद और कुछ पुस्तकें भी उपहार में दीं। और मुझे कहा कि इन्हें पढ़ो और मुझे ज़रूर लिखना कि इन किताबों को पढ़ कर कैसा लगा। कहते हैं कि बहरहाल मैंने इन किताबों को पढ़ा और मेरी सारी सोच बदल गई। उस समय मुझे बैअत का ज्ञान नहीं था बाद में मैंने बैअत कर ली और यह लिखते हैं कि मैंने हमेशा इस बात को सम्मान समझा कि मुझे हज़रत इमाम महदी के ज़हूर की ख़बर और सच्ची जमाअत के बारे में पता चला।

दुआओं की स्वीकृति की लोगों ने घटनाएं लिखी हैं। शाद साहिब लिखते हैं कि एक बार रबवा से कराची ट्रेन पर सफर कर रहे थे। साठ बच्चे साथ थे। रब्वा में अत्फाल का कोई फंगशन था। रास्ते में हम ने जमाअत के साथ नमाज़ पढ़ी तो ग़ैर अहमिदयों को पता लग गया कि यह अहमदी हैं तो इस पर मौलवी ने डिब्बे में तक़रीर शुरू कर दी कि इन के विरुद्ध कार्य करो। हम बड़ा परेशान थे। उस्मान चीनी साहिब भी साथ थे। उस समय विभिन्न लोगों की सुरक्षा के लिए विभिन्न ड्यूटियां लगाई गईं। उस्मान चीनी साहिब ने कहा कि मेरी भी लगाओ इस पर कहते हैं मैंने कहा कि आप का काम यह है कि आप बर्थ पर बैठ जाएं और दुआ करें। मौलवियों को प्रोग्राम था कि मुलतान पहुंच कर इन के विरुद्ध कार्य करेंगे और मारेंगे। मुलतान गुज़र गया और ख़ामोशी छायी रही जाकर देखा तो मौलवी सोया हुआ था मौलवी साहिब ने तो मुलतान में उतरना था परन्तु इस तरह सोया कि मुलतान भी गुज़र गया उस की आंख नहीं खुली और कहीं अगले स्टेशन पर जाकर उतरा और इस तरह कहते हैं कि हमारी जान बची।

इसी तरह अदनान ज़फर साहिब कहते हैं कि मेरा होम कार्यालय में काम नहीं हो रहा था। पासपोर्ट मांगाता तो कहते कि हमारे रिकार्ड में आपका यू.के का रिकॉर्ड ही नहीं है। मैं नौकरी से छुट्टी लेकर तीन से चार महीने तक जाता रहा। अंत में निराश हो गया। एक दिन इस्लामाबाद में चीनी साहिब से मुलाकात हुई। नमाज़ पढ़ कर घर जा रहे थे मैं अपनी पासपोर्ट वाली समस्या वर्णन की। उन्होंने वहीं खड़े होकर दुआ की। दुआ करते हैं और इतनी वेदना थी और चीखने वाली दुआएं थीं कि कहते हैं कि मैं डर गया था कि मेरे लिए इतनी दुआएं कर रहे हैं मैंने ख़वामख़ाह इन को परेशान किया कुछ और लोग भी दुआ में शामिल हो गए। अगले दिन कहते हैं मेरे वकील ने जब फोन किया गृह मंत्रालय तो वहाँ से कोई उठा नहीं रहा था। बहुत देर तक लंबी घंटी बजती रही वहाँ जो निर्देशक था। वह वहाँ से गुज़रा। उसने फोन उठा लिया उन्होंने उन्हें बताया कि इस तरह समस्या है। निर्देशक ने कहा कि मैं सुबह कार्यालय में मुलाकात करूं। कहते हैं मैं सुबह कार्यालय में गया। उन का नाम श्री रिचर्ड था तो reception में गया reception में मैंने कहा मैंने उनसे मिलना है तो reception वालों ने कहा कि वह बड़ा अधिकारी है वह तुम्हें कहाँ मिलेगा आप हमें बताएं कि आप का क्या काम है उन्होंने कहा नहीं उन्होंने ख़ुद बुलाया है कोई भी अधिकारी रिपोर्ट करने के लिए तैयार नहीं था। अंत एक आदमी तैयार हुआ उसने जाकर बताया तो श्री रिचर्ड ख़ुद अपने कार्यालय से उठकर आए उन्हें अपने साथ ले गए कमरे में अपने कंप्यूटर पर पूरा रिकॉर्ड खोजा फिर अपने सचिव को बुलाया और पत्र दे दिया कि उन्हें पासपोर्ट जारी कर दें और फिर वापस छोड़ने के

इस्लाम और जमाअत अहमदिया के बारे में किसी भी प्रकार की जानकारी के लिए संपर्क करें

नूरुल इस्लाम नं. (टोल फ्री सेवा) :
1800 3010 2131
(शुक्रवार को छोड़ कर सभी दिन सुबह 9:00 बजे से रात 11:00 बजे तक)
Web. www.alislam.org, www.ahmadiyyamuslimjamaat.in

लिए बाहर तक आ गया और सभी कर्मचारी देख रहे थे कि इतना बड़ा अधिकारी, जो एक बड़ा आदमी रहा है, वह विदेशी को छोड़ने के लिए बाहर निकला और दरवाज़ा खोल कर छोड़ने गया है। तो उसे मैं क्या बताता। कहते हैं इस समय मेरी जो हालत थी कि उस्मान चू साहिब की वेदना भरी दुआएं थीं जिसने चार महीने से फंसा हुआ काम केवल एक दिन में कर दिया और न केवल एक दिन में कर दिया बल्कि बड़े अधिकारी के हाथ से ख़ुद करवाया।

ऐसी कई घटनाएं हैं जैसा कि मैंने कहा था कि वर्णन नहीं की जा सकतीं इतनी अधिक हैं। कुछ एक जो उनके करीब हैं उन के बार में वर्णन कर देता हूं।

सैयद हुसैन अहमद साहिब मुरब्बी लिखते हैं कि हमारी साप्ताहिक बैठक होती थी, हमारे मुरब्बियों को पास कोई सवारी तो थीं नहीं। बसों में बैठ कर चले जाते थे। रात देर तक बैठक होती थी। जब इस के बाद जाने का होता थी तो हम प्रतीक्षा करते थे कि किसी न किसी आमला के मेम्बर के साथ चले जाऐं लेकिन उस्मान चीनी साहिब ने कभी इसके लिए इंतजार नहीं किया। वह पैदल ही चल पड़ते या रास्ता में कोई बस मिल जाती या कोई न कोई सवारी उन को ले जाती और मिशन हाऊस में जिस स्थान पर रहते थे वहां इतना स्थान था कि एक बार जब उन्होंने दावत की तो हम ने पूछा आप रहते कहां हैं।? उन्होंने कहा कि यही कमरा है जो औरतों का हाल है। जब औरतें नमाज़ पढ़ने के लिए आती हैं तो मैं अपना सामान समेट लेता हूं। और इस के बाद यही हमारे सोने का स्थान है खाने का स्थान है सब कुछ है। बहुत विनम्रता और विनय से छोटे से स्थान पर रहते थे।

रशीद अरशद साहिब हैं जो चीनी डेस्क में काम करते हैं। उन्होंने उन के साथ बहुत लम्बा समय काम किया है। यह कहते हैं कि 33 वर्ष साथ काम करने का अवसर मिला। उन के बारे में जो विशेषताएं हैं उन को लिखते हैं कि जमाअत के साथ नमाज़ पढ़ने के पाबन्द थे और इबादत में आन्नद हमारे लिए नमूना था। बारिश तूफान हो बर्फबारी हो लगातार जमाअत के साथ नमाज़ पढ़ने के लिए मस्जिद में आते थे और कहते हैं कि हम ने आप को इस अवस्था में भी देखा है कि बुढ़ापे के कारण कमज़ोर हो चुके थे। और इस्लामाबाद मस्जिद से घर आने में,(पहले भी इस का वर्णन हो चुका है।) जो कुछ मिन्ट की दूरी है सांस ले ले कर तय करते थे परन्तु मस्जिद ज़रूर आते थे। तहज्जुद की नमाज़ को नियम पूर्वक पढ़ा करते थे। कहते हैं कि एक बार हम लम्बा सफर कर के चीन के इलाका में गए और वहां भी स्थानीय अहमदी लोगों से देर तक बातचीत होती रही। मेरा विचार था कि तहज्जुद के लिए उठना कठिन होगा परन्तु सुबह देखते हैं कि चीनी साहिब तहज्जुद अदा कर रहे हैं यद्यपि छोटी अदा कि परन्तु छोड़ी नहीं। तो चीनी साहिब ने ख़ुद भी लिखा कि जब चीन से रब्वा आए तो दो देखा के रब्वा के बुज़ुर्ग किस वेदना से नमाज़ अदा करते हैं, रोज़े रखते हैं, इतेकाफ करते हैं, दुआएं करते हैं। अल्लाह तआला उन की दुआंए सुनता भी है इस बात का आप पर विशेष प्रभाव हुआ और आप ने इरादा कर लिया कि मैं भी इन बुज़र्गों के नक्शे कदम पर चलूंगा। उस समय आप को समय के ख़लीफा हज़रत ख़लीफतुल मसीह सानी रज़ि अल्लाह तआला का मार्ग दर्शन प्राप्त था। हज़रत मिर्ज़ा बशीरुद्दीन महमूद अहमद साहिब और हज़रत मिर्ज़ा शरीफ अहमद साहिब जैसे वुजूदों की संगत प्राप्त थी। मौलाना ग़ुलाम रसूल राजेकी साहिब हज़रत हाफिज़ मुख़तार अहमद साहिब शाहजहांपुरी, हज़रत मुहम्मद इब्राहीम साहिब बकापूरी, सय्यद वली उल्लाह शाह साहिब जैसे लोगों की संगत से लाभ प्राप्त किया। इन बुज़ुर्गों की संगत ने आप के व्यक्तित्व को और अधिक उभारा और अल्लाह तआला से आप का सम्बन्ध पैदा हुआ।

